**Series ЄFGHE** **Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **98**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# उद्यमिता (सैद्धान्तिक)
# ENTREPRENEURSHIP (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **70***
*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **70***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **27** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **34** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए ।*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – **खण्ड क, ख, ग** तथा **घ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** : प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहु-विकल्पीय प्रकार के **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** : प्रश्न संख्या **19** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-I के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** : प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-II के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** : प्रश्न संख्या **30** से **34** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के **पाँच-पाँच** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, **खण्ड ख, ग** तथा **घ** में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

## खण्ड क

**1.** व्यावसायिक अवसर के कुछ घटक नीचे दिए गए हैं । घटकों के सही मिश्रण को पहचानिए : *1*

(i) आश्वासित बाज़ार क्षेत्र

(ii) प्रतिकूलता पर काबू पाना

(iii) विचार की व्यवहार्यता

(iv) भावी विकास की संभावना

(a) (i), (ii), (iv)

(b) (i), (iii), (iv)

(c) (ii), (iii), (iv)

(d) (i), (ii), (iii)

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *The question paper is divided into **four** sections – **Section A, B, C** and **D**.*

*(iii)* *In **Section A** : Questions number **1** to **18** are Multiple Choice Questions carrying **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B** : Questions number **19** to **24** are Short Answer type-I questions carrying **2** marks each.*

*(v)* *In **Section C** : Questions number **25** to **29** are Short Answer type-II questions carrying **3** marks each.*

*(vi)* *In **Section D** : Questions number **30** to **34** are Long Answer type questions carrying **5** marks each.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **Section B**, **C** and **D** of question paper. A candidate has to attempt only one of the alternatives in such questions.*

## Section A

**1.** Given below are some of the elements of a business opportunity. Identify the correct combination of the elements : *1*

(i) Assured market scope

(ii) Overcome adversity

(iii) Practicability of the idea

(iv) Potential of future growth

(a) (i), (ii), (iv)

(b) (i), (iii), (iv)

(c) (ii), (iii), (iv)

(d) (i), (ii), (iii)

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'रेखा-से-नीचे' संवर्धन दृष्टिकोण से सम्बन्धित है जिसका उपयोग कम्पनी उत्पादों के संवर्धन के लिए कर सकती है ? *1*

(a) इसका लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचना है ।

(b) इसका लक्ष्य एक छोटा निर्धारित समूह है ।

(c) यह ब्राण्ड की पहचान स्थापित करने में सहायता करता है ।

(d) इसमें पारम्परिक मीडिया जैसे प्रिंट, ऑनलाइन, टेलीविज़न तथा सिनेमा विज्ञापन सम्मिलित हैं ।

**3.** रमनदीप एक तकनीकी उद्यमी है जिसने व्यवसायों की परस्पर संवादात्मक वेबसाइट्स विकसित करना आरम्भ किया है । इस क्षेत्र में अत्यधिक प्रतियोगिता होने के कारण वह माँग में गिरावट का अनुभव कर रहा है । वह अपने निवेश की तुलना में अपने आगम को समझना चाहता है । निम्नलिखित में से कौन-सा मिश्रण उसे अपने व्यवसाय की लाभप्रदता का आकलन करने में मदद करेगा ? *1*

(i) आर्थिक आदेश मात्रा

(ii) निवेश पर प्रत्याय

(iii) समता पर प्रत्याय

(iv) सम-विच्छेद विश्लेषण

(a) (i) और (iii)

(b) (iii) और (iv)

(c) (ii) और (iii)

(d) (i) और (iv)

**4.** एक ही आपूर्ति शृंखला में मौजूद ऐसी दो कम्पनियों का विलयन जो एक-दूसरे की प्रतियोगी नहीं हैं, कहलाता है : *1*

(a) क्षैतिज विलयन

(b) लम्बवत् विलयन

(c) बाज़ार विस्तार विलयन

(d) उत्पाद विस्तार विलयन

**2.** Which of the following statement is related to 'Below-the-Line' promotion approach that a company can use to promote its products ? *1*

(a) It targets mass audience.

(b) It targets identified small groups.

(c) It helps in establishing brand identity.

(d) It includes conventional media like print, online, television and cinema advertising.

**3.** Ramandeep is a technical entrepreneur who started developing interactive websites of businesses. Due to lot of competition in this field he is experiencing a decline in the demand. He wishes to understand his revenue position as compared to his investment. Which one of the following combinations would help him in assessing the profitability of his business ? *1*

(i) Economic Order Quantity

(ii) Return on Investment

(iii) Return on Equity

(iv) Break-even analysis

(a) (i) and (iii)

(b) (iii) and (iv)

(c) (ii) and (iii)

(d) (i) and (iv)

**4.** When two companies that may not compete with each other but exist in the same supply chain merge, it is known as : *1*

(a) Horizontal merger

(b) Vertical merger

(c) Market extension merger

(d) Product extension merger

**5.** निम्नलिखित में से व्यवसाय संगठन के उस प्रकार की पहचान कीजिए जिसमें सीमित वित्त उपलब्धता तथा सीमित प्रबन्धकीय क्षमताओं के कारण प्रचालन का क्षेत्र सामान्यत: सीमित होता है : *1*

(a) एकल स्वामित्व

(b) साझेदारी फर्म

(c) निजी कम्पनी

(d) सार्वजनिक कम्पनी

**6.** कृषिव अपने कुटीर उद्योग में लैंप शेड्स का उत्पादन करता है जहाँ श्रम-प्रधान तकनीकों का उपयोग किया जाता है । वह इन लैंप शेड्स की बिक्री 'यू-लाइट' ब्राण्ड नाम के अन्तर्गत कर रहा है । इनकी माँग अत्यधिक है क्योंकि आजकल आंतरिक सज्जाकार जिन घरों को डिज़ाइन कर रहे हैं, उन्हें सौंदर्यपूर्ण रूप देने के लिए इन लैंप शेड्स का उपयोग कर रहे हैं । कृषिव के लिए प्रति इकाई लैंप शेड की लागत ₹ 450 है तथा वह इसे ₹ 900 में बेचता है । इसी प्रकार के लैंप शेड्स बाज़ार में तथा ऑनलाइन वेबसाइट्स पर ₹ 1,000 से ₹ 1,100 प्रति इकाई तक उपलब्ध हैं । कृषिव द्वारा प्रयोग में लाई गई मूल्य-निर्धारण रणनीति वह है जिसमें उत्पाद का मूल्य आरंभ में संभावित बाज़ार मूल्य से कम निश्चित किया जाता है, ताकि नए ग्राहकों को आकर्षित किया जा सके । उसका उद्देश्य लघु-अवधि में लाभ अर्जित करने की अपेक्षा विक्रय की मात्रा को बढ़ाना है । कृषिव द्वारा अपनाई गई मूल्य-निर्धारण रणनीति है : *1*

(a) लागत जमा मूल्य-निर्धारण

(b) भेदन मूल्य-निर्धारण

(c) मलाईदार मूल्य-निर्धारण

(d) परिवर्तनीय मूल्य-निर्धारण

**5.** From the following, identify the form of business organisation that generally has a limited area of operation due to limited finance availability and limited managerial abilities : *1*

(a) Sole Proprietorship

(b) Partnership Firm

(c) Private Company

(d) Public Company

**6.** Krishiv manufactures lamp shades in his cottage industry where labour intensive techniques are used. He is selling these lamp shades under the brand name 'U-lite'. They are in great demand as nowadays interior designers are using lamp shades to give an aesthetic look to the houses they design. For Krishiv, the per unit cost of each lamp shade is ₹ 450 and he sells it for ₹ 900. Similar lamp shades are available in the market and on online websites in the range of ₹ 1,000 – ₹ 1,100 per unit. The pricing strategy used by Krishiv is the one where the price of the product is initially set at a price lower than the eventual market price to attract new customers. His objective is to increase the sales volume, rather than to make profit in the short-run. The pricing strategy adopted by Krishiv is : *1*

(a) Cost plus pricing

(b) Penetration pricing

(c) Skimming pricing

(d) Variable pricing

7. नीचे दी गई सूचना से एक कम्पनी की चक्रीय पूँजी की गणना कीजिए : *1*

| *परिसम्पत्तियाँ* | (₹) | *देयताएँ* | (₹) |
|---|---|---|---|
| स्टॉक | 60,000 | व्यापारिक देय | 20,000 |
| देनदार | 55,000 | लघु-अवधि ऋण | 10,000 |
| रोकड़ | 65,000 | अदत्त व्यय | 5,000 |
| लघु-कालीन निवेश | 20,000 | | |

(a) ₹ 35,000

(b) ₹ 1,65,000

(c) ₹ 2,00,000

(d) ₹ 2,35,000

8. प्रभास एक विज्ञापन एजेंसी का सृजनात्मक प्रमुख है । उसकी नवीनतम परियोजना 6 महीने से 2 वर्ष तक के बच्चों के उत्कृष्ट भोजन के लिए एक अभियान को डिज़ाइन करना है । बाज़ार क्षेत्र के अधिकतम श्रोताओं तक पहुँचने के लिए उसने हिंदी तथा साथ ही अंग्रेजी भाषा में एक विज्ञापन-गीत विकसित किया है । ऐसा करके वह न केवल उत्पाद के बारे में सूचित कर रहा है तथा उसकी बिक्री कर रहा है अपितु साथ ही व्यवसाय की छवि में भी सुधार कर रहा है । जब भी किसी विज्ञापन गतिविधि की योजना तैयार की जाती है, तो चार नियमों को ध्यान में रखा जाता है । निम्नलिखित में से उन नियम/नियमों की पहचान कीजिए जिन्हें उपर्युक्त स्थिति में प्रभास द्वारा ध्यान में रखा गया है : *1*

(i) उद्देश्य

(ii) लक्ष्य

(iii) माध्यम

(iv) प्रतियोगी

(a) (i)

(b) (i) तथा (ii)

(c) (i), (ii) तथा (iii)

(d) (i), (ii) तथा (iv)

**7.** From the information given below, calculate the circulating capital of a company : *1*

| *Assets* | (₹) | *Liabilities* | (₹) |
|---|---|---|---|
| Stock | 60,000 | Trade payables | 20,000 |
| Debtors | 55,000 | Short-term loans | 10,000 |
| Cash | 65,000 | Outstanding expenses | 5,000 |
| Short-term investments | 20,000 | | |

(a) ₹ 35,000

(b) ₹ 1,65,000

(c) ₹ 2,00,000

(d) ₹ 2,35,000

**8.** Prabhas is the creative head of an advertising agency. His latest project is to design a campaign for super food for children in the age group of 6 months to 2 years. He developed a jingle in Hindi as well as in English language to reach out to the maximum audience of the market segment. By doing this, he is not only informing and selling the product but also improving the image of the business. When any advertising activity is planned, there are four rules to be considered. From the following, identify the rule/rules that are taken into consideration by Prabhas in the above case : *1*

(i) Aim

(ii) Target

(iii) Media

(iv) Competitors

(a) (i)

(b) (i) and (ii)

(c) (i), (ii) and (iii)

(d) (i), (ii) and (iv)

**9.** साहिबा का नागपुर में एक बुटीक है जिसकी स्थापना उसने 2020 में की थी । उसने अपनी बचत से ₹ 2,00,000 तथा बैंक से ₹ 3,00,000, 10% प्रति वर्ष की दर से उधार लेकर निवेश किया था । उसने वर्ष 2021 – 22 में ₹ 50,000 का शुद्ध लाभ कमाया ।

उपर्युक्त स्थिति में 'समता पर प्रत्याय' है : *1*

(a) 10% (b) 20%

(c) 25% (d) 40%

**10.** *अभिकथन (A) :* समस्या एक परिस्थिति में मार्ग अवरोधक होती है जो उद्यमी को इसके समाधान के लिए मज़बूर करती है ।

*कारण (R) :* समस्या पहचान का एक उद्देश्य समस्या का सामना करने वाले लक्षित समूह की पहचान करना है । *1*

उपर्युक्त कथनों का मूल्यांकन कीजिए तथा निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(d) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

**11.** *अभिकथन (A) :* कर्मचारियों को प्रस्ताव का अर्थ है एक कम्पनी द्वारा इसके विवेकी कर्मचारियों को सीमित संख्या में प्रतिभूतियों का विक्रय ।

*कारण (R) :* कर्मचारियों को प्रस्ताव कर्मचारियों को अंशधारी बनने तथा कम्पनी के लाभों में भागीदार बनने के योग्य बनाता है । *1*

उपर्युक्त कथनों का मूल्यांकन कीजिए तथा निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(d) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

**9.** Sahiba has a boutique in Nagpur, which she started in 2020. She had invested ₹ 2,00,000 from her savings and borrowed ₹ 3,00,000 from the bank @ 10% per annum. She made a net profit of ₹ 50,000 in the year 2021 – 2022.

In the above case the 'Return on Equity' is : *1*

(a) 10% (b) 20%

(c) 25% (d) 40%

**10.** *Assertion (A) :* A problem is a road block in a situation that forces the entrepreneur to find its solution.

*Reason (R) :* One of the objectives of problem identification is to identify the target group facing the problem. *1*

Evaluate the statements given above and choose the most appropriate option from the following :

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**11.** *Assertion (A) :* Offer to employees means sale of its securities by a company to a limited number of sophisticated investors.

*Reason (R) :* Offer to employees enables employees to become shareholders and share the profits of the company. *1*

Evaluate the statements given above and choose the most appropriate option from the following :

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**12.** *अभिकथन (A) :* बैकफ्लिप अधिग्रहण, अधिग्रहण की एक दुर्लभ स्थिति है जिसमें क्रय करने वाली कम्पनी क्रय की गई कम्पनी की सहायक कम्पनी बन जाती है ।

*कारण (R) :* दोनों कम्पनी अधिग्रहण के लिए स्वीकृति देती हैं लेकिन सम्पूर्ण प्रक्रिया बलपूर्वक की जाती है । *1*

उपर्युक्त कथनों का मूल्यांकन कीजिए तथा निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(d) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

**13.** सम-विच्छेद बिन्दु वह स्तर है जहाँ : *1*

(a) उत्पन्न आगम, आगम की उत्पत्ति के लिए आवश्यक सभी व्ययों के बराबर है ।

(b) उत्पन्न आगम, आगम की उत्पत्ति के लिए आवश्यक सभी व्ययों से कम है ।

(c) उत्पन्न आगम, आगम की उत्पत्ति के लिए आवश्यक सभी व्ययों से अधिक है ।

(d) (a) तथा (b) दोनों

**12.** *Assertion (A) :* Backflip acquisition is a rare case of acquisition in which the purchasing company becomes a subsidiary of the purchased company.

*Reason (R) :* Both the companies approve of the acquisition but the entire process is done by force. *1*

Evaluate the statements given above and choose the most appropriate option from the following :

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**13.** Break-Even Point is the level where : *1*

(a) the revenue generated is equal to all the expenses required for generating the revenue.

(b) the revenue generated is less than all the expenses required for generating the revenue.

(c) the revenue generated is more than all the expenses required for generating the revenue.

(d) Both (a) and (b)

*नीचे दिए गए लेख को पढ़िए तथा प्रश्न संख्या **14** से **18** तक उत्तर दीजिए ।*

शॉपिंग मॉल समुदाय का एक अभिन्न अंग हैं तथा उपभोक्ता की सभी आवश्यकताओं — खरीददारी और भोजन से मनोरंजन तथा विशेष अवसरों तक के लिए एकल विपणन केन्द्र हैं । इसके साथ ही मॉल आजकल आने वाले लक्षित ग्राहकों की आवश्यकता पूर्ति के लिए सतत व्यावसायिक प्रस्तावों, गतिविधियों तथा प्रमुख अभियानों द्वारा ग्राहकों की आवश्यकताओं के साथ सामंजस्य स्थापित करते हैं । मॉल में खोले जाने वाले नवीनतम विभागीय भंडार भी अपने उपभोक्ताओं को अच्छा अनुभव प्रदान कराना चाहते हैं । ये अधिकांशतः बहुत बड़े बाज़ार होते हैं जिसमें एक ही छत के नीचे सभी उत्पाद उपलब्ध होते हैं । 'रिटेलटेनमेंट' की अवधारणा काफी समय से हमारे इर्द-गिर्द है क्योंकि उच्च स्तरीय मॉल धीरे-धीरे मनोरंजक गंतव्यों में परिवर्तित हो रहे हैं । बहुत-से मॉल में सुस्वाद व्यंजनों को प्रस्तुत करने वाले रेस्तराँ में बहुतायत में आगंतुकों की भीड़ देखी गई है । अत: यादगार अनुभव बनाने के लिए शॉपिंग मॉल को आवश्यक रूप से यह प्रयास करना चाहिए कि विशिष्ट अनुभवात्मक सामग्री पर अत्यधिक ध्यान केन्द्रित करके उच्च स्तरीय व्यस्तता प्रदान की जाए ।

भविष्य के मॉल वर्चुअल तथा व्यावसायिक यथार्थ को एकीकृत करेंगे तथा आने वाले समय में उपभोक्ताओं को अत्यधिक तल्लीनता वाले फुटकर अनुभव प्रदान करेंगे । ड्रोन का उपयोग करके वस्तुओं को पहुँचाया जाएगा तथा वर्चुअल यथार्थ (रियलिटी) के प्रयोग विक्रय माध्यमों के रूप में किए जाएँगे ।

**14.** निम्नलिखित वाक्य में से प्रमुख विचार-क्षेत्र की पहचान कीजिए : *1*

'इसके साथ ही मॉल आजकल आने वाले लक्षित ग्राहकों की आवश्यकता पूर्ति के लिए सतत व्यावसायिक प्रस्तावों, गतिविधियों तथा प्रमुख अभियानों द्वारा ग्राहकों की आवश्यकताओं के साथ सामंजस्य स्थापित करते हैं ।'

(a) प्राकृतिक संसाधन

(b) सेवा-सम्बन्धी

(c) बाज़ार-संचालित

(d) सृजनात्मक प्रयास

*Read the article given below and answer the questions from **14 – 18**.*

Shopping malls are an integral part of the community and a one-stop-shop for all the consumer's needs — from shopping and dining to entertainment and special occasions. Additionally, malls today are synchronizing with customer's needs by offering constant engagement, activities and niche campaigns to cater to each target audience that visits the mall. The latest departmental stores which are opened in malls also want to provide their customers a wholesome experience. They are often hypermarkets having all products under one roof. The concept of 'retailtainment' has been around for quite a while, as upscale malls have slowly transformed into recreational destinations. A plethora of restaurants serving luscious delicacies has seen massive footfall. Thus, to create memorable experiences, shopping malls must strive to provide a high level of engagement by focusing heavily on unique experiential content.

The future malls will integrate virtual and augmented reality, will provide highly immersive retail experience to consumers in the days to come. Deliveries will be carried out using drones and virtual reality will be used as a sales channel.

**14.** Identify the prominent idea field from the following sentence : *1*

'Additionally, malls today are synchronizing with customer's needs by offering constant engagement, activities and niche campaigns to cater to each target audience that visits the mall.'

(a) Natural resources

(b) Service-related

(c) Market-driven

(d) Creative efforts

15. ‘बहुत-से मॉल में सुस्वाद व्यंजनों को प्रस्तुत करने वाले रेस्तराँ में बहुतायत में आगंतुकों की भीड़ देखी गई है ।’ दिए गए कथन में कौन-सा विचार-क्षेत्र प्रतिबिंबित होता है ? *1*

(a) प्राकृतिक संसाधन

(b) सेवा-सम्बन्धी

(c) बाज़ार-संचालित

(d) सृजनात्मक प्रयास

16. निम्नलिखित कथन में दर्शाया गया विचार-क्षेत्र है : *1*

‘ड्रोन का उपयोग करके वस्तुओं को पहुँचाया जाएगा तथा वर्चुअल यथार्थ (रियलिटी) के प्रयोग विक्रय माध्यमों के रूप में किए जाएँगे ।’

(a) प्राकृतिक संसाधन

(b) सेवा-सम्बन्धी

(c) बाज़ार-संचालित

(d) सृजनात्मक प्रयास

17. निम्नलिखित में से व्यवसाय संगठन का कौन-सा प्रकार शॉपिंग मॉल के स्वामित्व एवं प्रबन्धन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ? *1*

(a) एकल स्वामित्व

(b) साझेदारी फर्म

(c) संयुक्त पूँजी कम्पनी

(d) (a) तथा (c) दोनों

18. निम्नलिखित में से समष्टि पर्यावरण के उस घटक की पहचान कीजिए जो भविष्य में शॉपिंग मॉल के परिवर्तन में प्रमुख भूमिका निभाएँगे । *1*

(a) आर्थिक

(b) सामाजिक

(c) प्रौद्योगिकीय

(d) विधिक

**15.** 'A plethora of restaurants serving luscious delicacies has seen massive footfall in many malls.' The idea field reflected in the given statement is : *1*

(a) Natural resources

(b) Service-related

(c) Market-driven

(d) Creative efforts

**16.** The idea field which is depicted in the sentence 'Deliveries will be carried out using drones and virtual reality will be used as a sales channel' is : *1*

(a) Natural resources

(b) Service-related

(c) Market-driven

(d) Creative efforts

**17.** From the following, which form of business organisation is best suited for owning and managing shopping malls ? *1*

(a) Sole proprietorship

(b) Partnership firm

(c) Joint stock company

(d) Both (a) and (c)

**18.** From the following, identify the element of macro environment that would play a dominant role in the transformation of shopping malls in future. *1*

(a) Economic

(b) Social

(c) Technological

(d) Legal

## खण्ड ख

**19.** (क) व्यावसायिक संगठन के एक प्रकार के रूप में साझेदारी की 'निहित अधिकार' तथा 'आपसी एजेंसी' विशेषताओं का अर्थ दीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) साझेदारी की ऐसी किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जिनके द्वारा व्यावसायिक संगठन के एकल स्वामित्व प्रकार की निहित सीमाओं को दूर किया जा सकता है । *2*

**20.** 'लारसन एण्ड टुब्रो (एल एण्ड टी)' जिसका मुख्य व्यवसाय निर्माण इंजीनियरिंग तथा महत्त्वपूर्ण उपकरणों का उत्पादन है, 'वोल्टास लिमिटेड', जो कि एक भारतीय बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रोनिक्स कम्पनी है तथा घरेलू उपकरणों के उत्पादन में विशिष्टता रखती है, और जिनके व्यवसाय क्षेत्र एक-दूसरे से पूर्ण रूप से असम्बन्धित हैं, का विलयन हो गया ।

'लारसन एण्ड टुब्रो (एल एण्ड टी)' तथा वोल्टास लिमिटेड के बीच हुए विलय के प्रकार को पहचानिए एवं समझाइए । *2*

**21.** निम्नलिखित समाचार-पत्र लेख को पढ़िए तथा लेख में प्रस्तुत किए गए PESTEL मॉडल के दो घटकों को पहचानिए तथा समझाइए :

मोबाइल फोन के एक प्रसिद्ध ब्राण्ड ने अपने स्मार्ट फोन के नवीनतम मॉडल में पुन: चक्रित मछली पकड़ने के जाल का उपयोग किया । मछली पकड़ने के जाल नायलॉन के बने होते हैं जिनमें नमी तथा पानी को अधिशोषित करने की मूलभूत विशेषता होती है । इस सामग्री के प्रयोग से फोन जलरोधक तथा धूल प्रतिरोधी हो जाएँगे । प्रत्येक वर्ष लगभग 6,40,000 टन मछली पकड़ने के जाल समुद्र में फेंक दिए जाते हैं और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहे हैं ।

शोध एवं विकास विभाग के प्रबंध निदेशक के अनुसार वे जीवाश्म-आधारित कच्चे माल को जैव-आधारित कच्चे माल से बदलने पर कार्य कर रहे हैं । कम्पनी टिकाऊ सामग्री के विकास के लिए शोध कर रही है । *2*

## Section B

**19.** (a) Give the meaning of 'Implied Authority' and 'Mutual Agency' as characteristics of a partnership form of business organisation. *2*

**OR**

(b) State any two characteristics of partnership which overcome the inherent limitations of sole proprietorship form of business organisation. *2*

**20.** Merger between 'Larsen and Toubro (L & T)' with key business area in construction engineering and manufacturing critical equipments and 'Voltas Limited', an Indian multinational electronics company specialized in manufacturing home appliances, whose business fields are totally unrelated, has taken place.

Identify and explain the type of merger between 'Larsen and Toubro (L & T)' and 'Voltas Limited'. *2*

**21.** Read the following newspaper article and identify and explain the two elements of PESTEL model which have been presented in this article :

A popular brand of mobile phones has used repurposed fishing nets in its latest model of smartphones. Fishing nets are made of Nylon which has the basic property of adsorbing moisture and water. Use of this material would make the phones waterproof and dust resistant. Every year around 6,40,000 tonnes fishing nets end up in oceans, posing a serious threat to the marine ecosystem.

According to the Managing Director, Research and Development Department, they are working to replace fossil-based raw materials with bio-based raw materials which are renewable. The company has been researching and developing sustainable materials. *2*

**22.** (क) विपणन योजना को तैयार करने के लिए 'स्वॉट (SWOT) विश्लेषण' को एक चरण के रूप में समझाइए । *2*

**अथवा**

(ख) 'एक अच्छी व्यावसायिक योजना तैयार करना, सफलता की गारंटी नहीं हो सकता लेकिन भविष्य की विफलताओं को कम करने के लिए बहुत सफल हो सकता है ।' कोई दो बिन्दु देते हुए इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *2*

**23.** एक फर्म के उत्पादों की पहचान करने तथा उन्हें दूसरे प्रतियोगियों से भिन्नता प्रदान करने के लिए जिस शब्द की आवश्यकता होती है, उसे पहचानिए एवं समझाइए । *2*

**24.** (क) एक कम्पनी द्वारा 'सार्वजनिक निर्गम' का निर्णय एक जटिल निर्णय माना जाता है जिसे सावधानीपूर्वक विचार एवं नियोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि इसके लिए अतिरिक्त दायित्व एवं प्रतिवेदनों की आवश्यकता होती है । ऐसे किन्हीं दो अतिरिक्त दायित्वों एवं प्रतिवेदन आवश्यकताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) पूँजी बाज़ार को 'वित्तीय मध्यस्थ' क्यों माना जाता है ? उल्लेख कीजिए । *2*

## खण्ड ग

**25.** कार्तिक एक उत्पादन विश्लेषक के रूप में 'श्री टायर्स' में काम करता है । वित्तीय वर्ष 2022 – 23 की बोर्ड बैठक में वर्ष के लिए टायरों के उत्पादन का लक्ष्य 6 लाख इकाइयाँ निर्धारित किया गया । कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक ने कार्तिक से अग्रिम ब्लूप्रिंट तैयार करने और 'अपनी योजना पर काम' करने के लिए कहा । उसने यह भी जोड़ा कि यह ब्लूप्रिंट निर्माणी प्रक्रिया के आरंभ से अंत तक सामग्री के व्यवस्थित प्रवाह को सुनिश्चित करेगा ।

'व्यावसायिक योजना' के उस घटक को पहचानिए एवं समझाइए जिसकी चर्चा प्रबन्ध निदेशक द्वारा की गई । *3*

**22.** (a) Explain 'SWOT analysis' as a step in preparing a marketing plan. *2*

**OR**

(b) 'Preparing a good business plan can't guarantee success, but it can go a long way towards reducing the odds of failure.' Justify this statement by giving any two points. *2*

**23.** Identify the term that is used to identify the products of one firm and differentiate them from those of the competitors. Also, explain the term. *2*

**24.** (a) The decision of 'going public' by a company is considered to be a complex decision that requires careful consideration and planning as it requires additional obligations and reporting requirements. State any two such obligations and reporting requirements. *2*

**OR**

(b) Why are capital markets regarded as 'financial intermediaries' ? State. *2*

## Section C

**25.** Kartik works as a production analyst at 'Shree Tyres'. During the board meeting for the financial year 2022 – 23, the target production of tyres for the year was decided at 6 lakh units. The Managing Director of the company asked Kartik to prepare a blueprint in advance and 'work your plan'. He also added that this blueprint will ensure orderly flow of materials in the manufacturing process from the beginning to the end.

Identify and explain the component of 'Business Plan' being discussed by the Managing Director. *3*

**26.** (क) कोई तीन बिन्दु देते हुए उल्लेख कीजिए कि वितरण शृंखला का प्रत्यक्ष माध्यम किस प्रकार उत्पादकों की सहायता करता है । *3*

**अथवा**

(ख) 'विक्रय रणनीति' का क्या अर्थ है ? उल्लेख कीजिए कि कैसे एक सफल विक्रय रणनीति विक्रय बल की सहायता करती है । *3*

**27.** 'प्रिटी यू' सैलून तथा मेकओवर (मेकअप) उद्योग में एक स्थापित ब्राण्ड है । वर्तमान में यह अपनी 5 शाखाओं के नेटवर्क के साथ दिल्ली में काम कर रहा है ।

अब यह उत्तर भारत के विभिन्न शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं और धीरे-धीरे अपनी पहचान सम्पूर्ण देश में स्थापित करना चाहते हैं ।

इसके लिए कम्पनी ने निर्णय लिया कि रॉयल्टी तथा मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप भुगतान करने के बदले में स्वाधीन खुदरा व्यापारियों को 'प्रिटी यू' ब्राण्ड के लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ विशिष्ट अधिकार दिए जाएँ ।

उपर्युक्त में चर्चित विस्तारण के रूप को पहचानिए एवं समझाइए । *3*

**28.** 'मूलभूत विचारों को समझने एवं संरक्षित रखने की योग्यता' सुअवसरों को पहचानने की प्रक्रिया में सम्मिलित एक महत्त्वपूर्ण घटक है ।

ऐसे किन्हीं तीन संसाधनों (स्रोतों) को पहचानिए एवं उनका उल्लेख कीजिए जो इन मूलभूत विचारों को उद्भव की ओर ले जाते हैं । *3*

**29.** (क) 'नकद रूपांतरण चक्र' का अर्थ दीजिए । व्यवसाय की प्रकृति किस प्रकार नकद रूपांतरण चक्र को प्रभावित करती है ? एक चित्र की सहायता से समझाइए । *3*

**अथवा**

(ख) 'ऐंजल निवेश' न केवल कोषों को व्यवसाय में लाते हैं अपितु व्यवसाय के अमूल्यवान परामर्शदाता भी है ।

इस कथन के आलोक में ऐंजल निवेशकों की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *3*

26. (a) State by giving any three points how direct channel of distribution is helpful to producers. *3*

**OR**

(b) What is meant by a 'Sales Strategy' ? State how a successful sales strategy helps the sales force ? *3*

27. 'Pretty You' is an established brand in the salon and makeover industry. It is currently operating in Delhi with a network of 5 branches.

It now wants to make its presence known in different cities of North India and gradually would be establishing its identity throughout the country.

For this, the company decides to give exclusive rights to independent retailers to take advantage of the brand "Pretty You" in return for their payment of royalties and conformance to standardized operating procedures.

Identify and explain the form of expansion discussed above. *3*

28. 'Ability to perceive and preserve basic ideas' is an important factor involved in the process of sensing opportunities.

Identify and state any three sources that lead to emergence of these basic ideas. *3*

29. (a) Give the meaning of 'cash conversion cycle'. How does the nature of business influence its cash conversion cycle ? Explain with the help of a diagram. *3*

**OR**

(b) 'Angel Investment' not only brings in funds but also an invaluable mentor to the business.

In the light of this statement state any three features of angel investors. *3*

## खण्ड घ

**30.** (क) 'विलयन एवं अधिग्रहण' विभिन्न कारणों से विविधता की इच्छा अथवा उच्च वृद्धि दर प्राप्त करने की इच्छा से प्रेरित होते हैं । विलयन एवं अधिग्रहण के ऐसे किन्हीं पाँच कारणों को समझाइए । *5*

**अथवा**

(ख) 'मलाईदार मूल्य-निर्धारण विधि' का अर्थ दीजिए । मूल्य-निर्धारण की इस विधि के किन्हीं दो लाभों तथा दो दोषों का उल्लेख कीजिए । *5*

**31.** 'उद्यम पूँजी' का अर्थ दीजिए । कम्पनी के विकास की अवस्थाओं में सहायता के लिए विभिन्न अवस्थाओं पर उद्यमी पूँजी की माँग कर सकते हैं । उद्यम पूँजीपतियों द्वारा वित्तीयन की 'सीड पूँजी अवस्था' तथा 'प्री-स्टार्ट-अप एवं स्टार्ट-अप अवस्था' को समझाइए । *5*

**32.** (क) नवप्रवर्तन का क्या अर्थ है ? नवप्रवर्तन प्रक्रिया के घटकों को समझाइए । *5*

**अथवा**

(ख) किसी भी व्यवसाय की सफलता के लिए नए रुझानों की तत्काल पहचान क्यों महत्त्वपूर्ण है ? ऐसे चार तरीके समझाइए जिनके द्वारा एक उद्यमी नए रुझानों की तत्काल पहचान करता है । *5*

**33.** विभिन्न व्यवसायों के लिए कोविड-19 महामारी ने व्यावसायिक सुअवसरों के एक नए युग का सूत्रपात किया है ।

एक उद्यमी, रजत ने एक ऐसे अद्वितीय N-95 फेस मास्क को डिज़ाइन किया है जो न केवल साँस के लिए ली गई हवा को साफ करेगा अपितु जब मास्क प्रयोग के योग्य नहीं रहेगा, तो उसका रंग भी बदल देगा । इतना ही नहीं, यदि मास्क का उपयोगकर्ता हवा में किसी विषाणु के संपर्क में आएगा तो उसे चेतावनी भी देगा । विचार सुनने में अच्छा लगता है तथा विपणीय भी है, लेकिन अपने विचार के लिए कोष एकत्रित हेतु रजत को निवेशकों को प्रभावित करने की आवश्यकता है । भावी कोष देने वालों, उपभोक्ताओं या रणनीतिक साझेदारों के हित को जागृत करने के लिए रजत ने व्यावसायिक योजना का एक तीन मिनट का कार्यकारी सारांश तैयार किया ।

## Section D

**30.** (a) 'Mergers and Aquisitions' are inspired by a desire to diversify or achieve higher growth rate due to varied reasons. Explain any five such reasons of mergers and aquisitions. *5*

**OR**

(b) Give the meaning of 'Skimming method of pricing'. State any two advantages and two disadvantages of this method of pricing. *5*

**31.** Give the meaning of 'Venture Capital'. Entrepreneurs can seek venture capital to assist various stages in the company's development. Explain 'Seed Capital stage' and 'Pre-start-up and Start-up stage' of financing by venture capitalists. *5*

**32.** (a) What is meant by innovation ? Explain the elements in the innovation process. *5*

**OR**

(b) Why is trendspotting important for the success of any business ? Explain the four ways in which an entrepreneur spots trends. *5*

**33.** The Covid-19 pandemic has ushered an era of new business opportunities for many businesses.

Rajat, an entrepreneur, designed a unique N-95 face mask which would not only filter the air inhaled but also change its colour when the mask is no longer good for use. Not only this, it would also send an alert in case the user of the mask comes in contact with any virus in the air. The idea sounds good and marketable, but Rajat needs to impress the investors to fund his idea. Rajat prepared a three-minute summary of the business plan executive summary to awaken the interest of the potential funders, customers or strategic partners.

(क) 'व्यावसायिक योजना' का अर्थ दीजिए तथा रजत द्वारा उपयोग में लाए गए व्यावसायिक योजना के प्रारूप को पहचानिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचाने गए प्रारूप के अतिरिक्त व्यावसायिक योजना के तीन अन्य प्रारूपों को समझाइए । *5*

**34.** ब्रैड एवं बेकरी उत्पादों में 'बेक्ड डिलाइट लिमिटेड' एक जाना पहचाना नाम है । इसने स्वादिष्ट मखाने तथा पॉपकोर्न में विविधीकरण किया है । इसने स्वास्थ्य एवं आहार के प्रति जागरूक लोगों को स्मार्ट अल्पाहार विकल्प के रूप में इन दोनों को पेश किया है । आरंभ में दोनों को 50 ग्राम प्रत्येक के मानक पैक में बेचा जाएगा । इनकी स्थायी लागत ₹ 1,00,000 होगी । प्रति इकाई विक्रय मूल्य तथा परिवर्तनशील लागत निम्न प्रकार है :

| *विवरण* | *क्लासिक नमक वाले मखाने* | *केरमेल नमक वाले पॉपकोर्न* |
|---|---|---|
| प्रति इकाई विक्रय मूल्य (₹) | 120 | 80 |
| प्रति इकाई परिवर्तनीय लागत (₹) | 70 | 30 |
| विक्रय मिश्र प्रतिशत (%) | 40 | 60 |

दी गई सूचना से इकाइयों व रुपयों में सम-विच्छेद बिन्दु की गणना कीजिए । *5*

(a) Give the meaning of 'business plan' and identify the format of business plan used by Rajat.

(b) Explain three formats of business plan other than the one identified in (a) above. *5*

**34.** 'Baked Delight Ltd.' is a well known name in breads and bakery products. It has diversified into flavoured fox nuts and popcorn. The two were introduced as smart snacking options for health and diet conscious people. To start with, both will be sold in a standard packing of 50 gm each. Fixed cost for these will be ₹ 1,00,000. Sale price and variable cost per unit is as follows :

| *Particulars* | *Classic salted Fox nuts* | *Caramel salted Popcorn* |
|---|---|---|
| Sale price per unit (₹) | 120 | 80 |
| Variable cost per unit (₹) | 70 | 30 |
| Sales mix percentage (%) | 40 | 60 |

From the given information calculate Break-Even Point in units and rupees. *5*